AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

प्रवेश परीक्षा में 90 मिनट में हल करने होंगे सौ प्रश्न

लविवि में स्नातक कोर्सों में दाखिले के लिए 10 से 16 जुलाई के बीच होंगी परीक्षाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं 10 से 16 जुलाई के बीच होंगी। 200 अंकों की परीक्षा में सौ प्रश्न पूछे जाएंगे। इन्हें हल करने के लिए 90 मिनट का समय मिलेगा। गलत उत्तर देने पर अंक नहीं काटे जाएंगे।

200 अंकों की परीक्षा में उत्तर गलत होने पर नहीं कटेंगे नंबर

विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि पेपर का पैटर्न एमसीक्यू (मल्टीपल च्वॉइस क्वेश्चन) पर आधारित रहेगा। बीए, बीएससी, बीकॉम सहित हर पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा का समय समान होगा। परीक्षा दो पालियों में होगी।

परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। इसमें किसी भी तरह की पाठ्य सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लाने पर मनाही है। ऐसा करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा में शामिल होने से रोका जा सकता है। अभ्यर्थी सात जुलाई से वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर पाएंगे।

12वीं के सिलेबस से आएंगे प्रश्न

स्नातक कोर्सों की प्रवेश परीक्षा में 12वीं के सिलेबस से प्रश्न पूछे जाएंगे। कोर्सों में किन विषयों से सवाल आएंगे यहां देखें-

- बीए (एनईपी): हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र, मनोविज्ञान व अर्थशास्त्र (10+2 स्तर)
- बीएससी मैथ्स (एनईपी) : फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैक्स मैटल एप्टीट्यूड कंप्यूटर एप्लीकेशन का सामान्य ज्ञान । (10+2 स्तर)
- बीकॉम एनईपी व बीकॉम ऑनर्स: मानसिक क्षमता, कॉमर्स, अकाउंट, कॉमर्शियल मैथ्स, इकनॉमिक्स व कंप्यूटर (10+2 स्तर)
- बीएससी (मैथ्स एनईपी) : फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, मेंटल एप्टीट्यूड, कंप्यूटर एप्लीकेशन का सामान्य ज्ञान।
- बीएससी (बायो एनईपी) : केमिस्ट्री, बॉटनी, जूलॉजी (10+2 स्तर) मेंटल एप्टीट्यूड कंप्यूटर एप्लीकेशन का सामान्य ज्ञान।
- एलएलबी पांच वर्षीय: लीगल जनरल अवेयरनेस, हिस्ट्री, जाग्रफी, सामान्य विज्ञान, रीजनिंग, मेंटल एबिलिटी।
- बीबीए: सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी, न्यूमेरिकल एप्टीट्यूड, लॉजिकल रीजनिंग।
- बीसीए : सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी न्यूमेरिकल एप्टीट्यूड, मैथ्स एंड कंप्यूटर साइंस व लॉजिकल रीजनिंग।
- डीफार्मा : 50 प्रश्न केमिस्ट्री व फिजिक्स (10+2 स्तर), 50 प्रश्न मैथ्स, बायोलॉजी (10+2 स्तर) अभ्यर्थी मैथ या बायो में से कोई विकल्प ले सकता है।

एलएलबी ऑनर्स की एक सीट पर 37 दावेदार

लखनऊ। लविवि में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया मंगलवार को समाप्त हो गई। यहां विधि संकाय के पाठ्यक्रम एलएलबी ऑनर्स इंटीग्रेटेड (पांच वर्षीय) में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों में होड़ मची है। एक सीट पर 37 अभ्यर्थियों ने दावा पेश किया है। पाठ्यक्रम की 160 सीटों पर 5864 आवेदन आए हैं। इस वर्ष पाठ्यक्रम के लिए आवेदकों की संख्या बढ़ी है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 4106 था। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लविवि के विधि संकाय की फेकल्टी देश की जानी संस्थाओं में से है। यहां के छात्र अहम पदों पर सेवाएं दे रहे हैं।

160 सीटों पर पांच हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

बीकॉम, बीबीए में दूरस्थ और ऑनलाइन कोर्स शुरू करेगा विश्वविद्यालय

लखनऊ। लविवि इस सत्र से दूरस्थ व ऑनलाइन कोर्स शुरू करने जा रहा है। विवि के ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र ने इसकी प्रक्रिया तेज कर दी है। सबसे पहले बीकॉम और बीबीए में प्रवेश होंगे। प्रवेश की तिथियां जल्द घोषित की जाएंगी।

इस सत्र से शुरुआत, जल्द घोषित की जाएंगी प्रवेश तिथियां

लोगों को घर बैठे शिक्षा व डिग्री देने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र बनाया गया है। इहाहास विभाग के प्रो. पीयूष भार्गव को इसके निदेशक पद की जिम्मेदारी दी गई है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दूरस्थ, ऑनलाइन शिक्षा में विश्वविद्यालय की ओर से परास्नातक के पाठ्यक्रम भी शामिल करने की योजना है। इसके लिए प्रो. पीयूष भार्गव ने कला एवं वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्षों, समन्वयकों और निदेशकों को पत्र भेजकर प्रस्ताव मांगे हैं। प्रस्ताव आने के बाद पीजी पाठ्यक्रम शुरू करने पर निर्णय होगा। यूजी स्तर के कोर्सों में प्रवेश की तिथियां जल्द जारी होंगी। (संवाद)

एलएलएम की परीक्षाएं 17 से

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय ने बुधवार को एलएलएम के दूसरे, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 25 जुलाई तक चलेंगी। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 31 जुलाई तक होंगी। विस्तृत कार्यक्रम लविवि की वेबसाइट पर है। (संवाद)

लविवि | दाखिले की आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद महाविद्यालयों की सूची जारी

केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में 5 अनुदानित कॉलेज

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि की केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में इस बार पांच अनुदानित और 62 स्वविकपोषित कॉलेज शामिल होंगे। विवि प्रशासन ने बुधवार को दाखिले की आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इनकी सूची जारी कर दी। स्नातक में दाखिले के लिए आवेदन करने वाले प्रवेश परीक्षा के बाद काउंसिलिंग में उपस्थित होंगे। रैंक तथा भरे विकल्पों के आधार पर लविवि परिसर तथा इन कॉलेजों में इन्हें सीट आवंटित होगी।

लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार पिछले सत्र में 58 महाविद्यालयों ने केंद्रीकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत आवेदन किया था। इस सत्र में 67 कॉलेजों ने शामिल होकर 206 कोर्सों में प्रवेश की सहमति दी है। इन्हें हर पाठ्यक्रम के हिसाब से 50 हजार रुपये फीस का भुगतान भी करना है। वर्तमान सत्र में महिला, नवयुग, एपी सेन, लेक्सपीजी और करामत हुसैन पीजी कॉलेज ने प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आवेदन किया है।

केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीएलएड, डीफार्मा, बीकॉम, बीकॉम (ऑनर्स), बीबीए, एलएलबी(फाइव इयर), बीसीए, बीएससी (मैथ), बीएससी (बायो), बीएससी (एग्रीकल्चर), बीबीए/बीएफए और बीए कोर्सों में प्रवेश होंगे। इनकी परीक्षा 10 से 16 जुलाई के बीच होगी।

ये प्रमुख कॉलेज केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल

सिटी एकेडमी, मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन, रामेश्वरम इंस्टीट्यूट, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस, आर्यवर्त, सिटी वूमेंस कॉलेज, सिटी गर्ल्स कॉलेज, ब्रह्मपुत्र दत्ता एकेडमी, रजत दिग्गी कॉलेज, मॉडर्न गर्ल्स कॉलेज, लाल बहादुर शास्त्री गर्ल्स कॉलेज, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग कॉलेज, श्री शारदा इंस्टीट्यूट, इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट एंड कोऑपरेटिव मैनेजमेंट कॉलेज, लेखराज, इंट्रीमल, कृष्णा कॉलेज, बोरा इंस्टीट्यूट, यूनिटी डिग्री कॉलेज, टेक्नो इंस्टीट्यूट, गोमल, लखनऊ पब्लिक, बीएमसरूप, सिटी कॉलेज, कॉलेज ऑफ इन्नोवेटिव मैनेजमेंट एंड साइंस, दयानंद ग्रुप, दयानंद यादव, श्री गुरुनानक, इराम, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, इरा लखनऊ कॉलेज, मां वैष्णो देवी, अकबरी बेगम कॉलेज, आईटीएम कॉलेज, भालचंद्र इंस्टीट्यूट, हीरालाल यादव मेमोरियल, चंद्रभानु गुप्त, हीरालाल यादव लॉ कॉलेज, लखनऊ लॉ कॉलेज, ज्यूरिस लॉ कॉलेज, सेट मदर टेरेसा लॉ कॉलेज, पीआर मेमोरियल, मां वैष्णो देवी लॉ कॉलेज, अकबरी बेगम लॉ कॉलेज, सिटी एकेडमी लॉ कॉलेज एवं सिटी लॉ कॉलेज शामिल हैं।

विषम सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम घोषित

लखनऊ। लविवि ने स्नातक व परास्नातक के विषम सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों के परिणाम बुधवार को जारी किए। इनमें बीएससी एग्रीकल्चर एईपी, बीएससी एग्रीकल्चर ओल्ड, एमए पब्लिक पॉलिसी गवर्नेंस, एमए एआईएच, एमए अरब कल्चर तीसरे सेमेस्टर शामिल हैं। (संवाद)

NBT PAGE 2

सेंट्रलाइज्ड एग्जाम से 67 कॉलेजों में दाखिले का मौका

LU ने प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने वाले महाविद्यालयों की सूची जारी की

■ एनबीटी, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया परीक्षा 10 जुलाई को शुरू होने जा रही है। विश्वविद्यालय ने बुधवार सेल्फ फाइनेंस कोर्स में प्रवेश देने वाले महाविद्यालयों की सूची जारी कर दी है। इसमें 4 सरकारी एडेड महाविद्यालय समेत कुल 67 कॉलेज शामिल हैं। विवि प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में पिछली बार की तुलना में महाविद्यालयों की संख्या बढ़ी है। इस बार केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था से 67 महाविद्यालयों के 206 पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिलेगा।

ये चार सरकारी एडेड महाविद्यालय शामिल

नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज चारबाग, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज, निशातगंज एवं महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज अमीनाबाद शामिल हैं।

केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में ये कॉलेज शामिल

मॉडर्न गर्ल्स कॉलेज, लाल बहादुर शास्त्री गर्ल्स कॉलेज, श्री शारदा इंस्टिट्यूट, इंस्टिट्यूट ऑफ कॉरपोरेट एंड कोआपरेटिव मैनेजमेंट कॉलेज, शेखुल, इंट्रीमल, कृष्णा कॉलेज, बोरा इंस्टिट्यूट, यूनिटी डिग्री कॉलेज, टेक्नो इंस्टिट्यूट, गोयल, लखनऊ पब्लिक, ग्रामेश्वरम इंस्टीट्यूट, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस, आर्यवर्त, सिटी वूमेंस कॉलेज, सिटी गर्ल्स कॉलेज, श्री कृष्ण दत्ता एकेडमी, रजत, अकबरी बेगम कॉलेज, आईटीएम कॉलेज, भालचंद्र इंस्टिट्यूट, हीरालाल यादव मेमोरियल, चंद्रभानु गुप्त, हीरालाल यादव लॉ कॉलेज, लखनऊ लॉ कॉलेज, ज्यूरिस लॉ कॉलेज, सेट मदर टेरेसा लॉ कॉलेज, पीआर मेमोरियल, मां वैष्णो देवी लॉ कॉलेज, अकबरी बेगम लॉ कॉलेज, सिटी एकेडमी लॉ कॉलेज, सिटी लॉ कॉलेज शामिल हैं।

13 कोर्स में ऐडमिशन

विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 10 जुलाई से होने जा रही प्रवेश परीक्षा के ऐडमिट कार्ड सात जुलाई से विवि की वेबसाइट www.lkouniv.gov.in पर अपलोड कर दिए जाएंगे। परीक्षार्थी वेबसाइट से अपने ऐडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

रिजर्वेशन दस्तावेज विवि में होंगे जमा

विवि प्रवेश परीक्षा के बाद कैटिगरी आधारित अलग-अगल सूची जारी करता है। इसके लिए परीक्षार्थी अपने दस्तावेज जमा करते हैं। पिछले वर्ष केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा के दौरान ही परीक्षार्थियों को अपने दस्तावेज जमा करने थे। इस बार दस्तावेज विवि परीक्षा केंद्र में एक साथ जमा होंगे।

LU में बीबीए और बीकॉम में ऑनलाइन पढ़ाई जल्द

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ही ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की शुरुआत करेगा। इसकी तैयारी पूरी हो गई है। विश्वविद्यालय ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र (लखनऊ विवि सेंटर फॉर ऑनलाइन एंड डिस्टेंट एजुकेशन) की शुरुआत करने जा रहा है। इस क्रम में यूजी से जुड़े बीकॉम और बीबीए पाठ्यक्रमों का मॉड्यूल तैयार हो गया है। जल्द ही इसकी शुरुआत के लिए विश्वविद्यालय समय सारिणी और तारीख जारी करेगा। लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देशन में विश्वविद्यालय अब ऑफलाइन के साथ डिस्टेंट लर्निंग एजुकेशन को भी बढ़ावा देने जा रहा है।

डिस्टेंस लर्निंग: यूजी के अलावा पीजी कोर्स में भी ऑनलाइन पढ़ाई की होगी शुरुआत

विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि शुरुआती चरण में बीकॉम और बीबीए पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन पढ़ाई कराई जाएगी। केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा के बाद इसकी तारीख जारी होगी।

पीजी पाठ्यक्रमों के लिए भेजा प्रस्ताव : डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीजी पाठ्यक्रमों को भी शामिल किए जाने की योजना प्रस्तावित है। ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने विवि के कला एवं वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्षों, समन्वयकों एवं निदेशकों को पत्र भेजकर पाठ्यक्रमों के लिए प्रस्ताव मांगे हैं।

LLB में एक सीट पर 37 अभ्यर्थियों के आवेदन

■ एनबीटी, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय एलएलबी (इंटीग्रेटेड फाइव इयर) कोर्स में पिछले साल की तुलना में इस बार 42 प्रतिशत ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने चार जुलाई को आवेदन प्रक्रिया समाप्त कर दी है। विवि प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विवि से एलएलबी फाइव इयर पाठ्यक्रम में अभ्यर्थियों ने जमकर रुचि दिखाई है। पिछले वर्ष एलएलबी फाइव इयर पाठ्यक्रम में 4,106 आवेदन आए थे, जो इस वर्ष 42 फीसदी बढ़कर 5,864 हो गए हैं।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू: केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था में 95 फीसदी निजी कॉलेज शामिल

प्रवेश प्रक्रिया

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था से जुड़े कॉलेजों की सूची जारी कर दी गई है। जिसमें 95 फीसदी से अधिक निजी कॉलेज सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों के लिए हैं। पूरी सूची में किसी भी नामी एडेड या राजकीय कॉलेज का नाम नहीं है। अब प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को पता चल सकेगा कि काउंसलिंग प्रक्रिया में कौन-कौन से कॉलेज शामिल होंगे।

एलयू में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी असमंजस में थे कि यदि एलयू में एडमिशन न हुआ तो किस कॉलेज में दाखिला मिलेगा। कई अभ्यर्थियों को इस बात से परेशानी थी कि उन्हें कॉलेजों के नाम न पता होने से दोनों जगह फॉर्म भरना पड़ रहा है। बुधवार को एलयू ने स्नातक, स्नातक प्रोफेशनल व बीएलएड कॉलेजों की सूची जारी कर दी है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी एलयू की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर एडमिशन पेज से स्नातक, स्नातक प्रोफेशनल और बीएलएड पाठ्यक्रम के कॉलेज की लिस्ट देख सकते हैं।

डॉ. श्रीवास्तव का कहना है कि स्नातक स्तर पर बीए एनईपी के लिए 12, बीकॉम ऑनर्स में 14, बीकॉम एनईपी से 32, बीएससी कृषि में 4, बीएससी बायो में 8, बीएससी मैथ्स में 11, बीएजेएमसी से 4, बीवीए या बीएफए में 2 और एलएलबी पांच वर्षीय के लिए 11 कॉलेज जुड़े हैं। कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि केन्द्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था से बीते सत्र 2022-23 में 58 कॉलेज जुड़े थे। सत्र 2023-24 में अब तक 67 महाविद्यालय 206 कोर्स में प्रवेश के लिए जुड़ चुके हैं।

- छात्रों को पता चल सकेगा कि काउंसलिंग में कौन से कॉलेज होंगे
- अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए एलयू की वेबसाइट देख सकते हैं

नामी एडेड कॉलेजों को रास नहीं आई व्यवस्था

एलयू से सम्बद्ध कई ऐसे कॉलेज हैं जिनका राजधानी में एक अलग नाम है। इसमें केकेसी, केकेवी, शिया, आईटी, क्रिश्चियन, विद्यांत, कालीचरण, डीएवी व अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज शामिल हैं। इनकी अलग प्रवेश प्रक्रिया है। कॉलेज एलयू की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था में शामिल नहीं हैं। वजह एलयू द्वारा प्रति विषय लिया जाना 50 हजार शुल्क है। जो एडेड कॉलेज जुड़े हैं ज्यादातर सेल्फ फाइनेंस के हैं।

ये चार एडेड कॉलेज जुड़े

कॉलेज	पाठ्यक्रम	सीटें
नवयुग	बीए	700 एनईपी
	बीकॉम	240 एनईपी
एपी सेन	बीए	475 एनईपी
	बीकॉम	80 एनईपी
करामत	बीकॉम	60 एनईपी
	बीएससी	120 बायो
	बीएससी	60 मैथ्स
महिला	बीएससी	180 मैथ्स
	बीसीए	60

"सीयूईटी की तरह पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया होनी चाहिए। किसी भी कॉलेज से जुड़ने के लिए रुपये लिए जाएंगे तो वह कैसे जुड़ पाएगा। लुआवटा द्वारा एलयू की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था का विरोध जारी रहेगा। डॉ. मनोज पांडेय, अध्यक्ष, लुआवटा

17 से एलएलएम सम सेमेस्टर परीक्षाएं

एलयू द्वारा एलएलएम सम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 व चतुर्थ की 17 से शुरू होंगी। वहीं बीएससी कृषि, एमए के नतीजे वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं।

VoL PAGE 6

लविवि की केंद्रीय प्रवेश परीक्षा से जुड़ रहे कॉलेज

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो अलोक कुमार राय के दूरदर्शी निर्णय के परिणामस्वरूप छात्रों की सुविधा के लिए अपने पिछले कुलपति कार्यकाल में केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था का प्रारम्भ किया था। इस व्यवस्था के अंतर्गत लविवि के ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के माध्यम से प्रवेश व्यवस्था में शामिल महाविद्यालयों में प्रवेश का मौका भी आवेदकों मिल जाता है और इसके लिए छात्रों को अलग से शामिल महाविद्यालयों का फॉर्म भी नहीं भरना पड़ता है।

एलएलबी इंटीग्रेटेड में एक सीट के सापेक्ष 37 आवेदन

लखनऊ। स्नातक प्रवेश सत्र 2023-24 के तहत लविवि में आवेदन करने की तिथि 04 जुलाई को समाप्त हो गयी है। प्रवेश परीक्षाएं 10 जुलाई से निर्धारित है। इस वर्ष स्नातक प्रवेश के आवेदनों में एलएलबी इंटीग्रेटेड पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में आवेदनों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, जिसमें से पता चलता है कि आवेदकों की रूचि इस पाठ्यक्रम के लिए बढ़ी है। एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में पिछले सत्र में 4106 आवेदन फार्म आये थे जबकि सत्र 2023-24 में आवेदन फार्म लगभग 42 प्रतिशत बढ़कर 5864 हो गये हैं। इस पाठ्यक्रम में 160 सीटों के सापेक्ष ये आवेदन आये है, आवेदनो की संख्या के अनुसार एक सीट के सापेक्षलगभग 37 अभ्यार्थी ने आवेदन किया है।

लविवि शुरू करेगा ऑनलाइन व दूरस्थ शिक्षा केंद्र

लखनऊ। लविवि अब ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने जा रहा है। इस क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इसकी शुरूआत बीकॉम और बीबीए पाठ्यक्रमों के साथ की जा रही है, जिसकी तिथि भी शीघ्र ही घोषित कर दी जाएगी। भविष्य में परास्नातक पाठ्यक्रमों को भी शामिल किए जाने की योजना प्रस्तावित है। इसके लिए ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने विवि के कला एवं वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्षों, समन्वयकों और निदेशकों को पत्र प्रेषित कर उनसे परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रस्ताव मांगे हैं।

HINDUSTAN PAGE 6

एलएलबी पांच वर्षीय कोर्स की एक सीट के 37 दावेदार

बढ़ोतरी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए एक सीट पर 37 अभ्यर्थियों की दावेदारी सामने आई है। बीते सत्र के मुकाबले इस सत्र आवेदनों की संख्या में 42 फीसदी की बढोतरी भी हुई है।

एलयू में केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन बंद हो चुके हैं। 10 जुलाई से प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की तैयारियां जारी हैं। वहीं सत्र 2023-24 में आवेदनों की संख्या में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में आवेदनों की संख्या में बढोतरी हुई है। डॉ. श्रीवास्तव का कहना है कि एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए पिछले सत्र 4106 आवेदन फार्म आए थे। जबकि सत्र 2023-24 में आवेदन फार्म लगभग 42 प्रतिशत बढ़कर 5864 हो गए हैं।

यह आवेदन 160 सीटों के सापेक्ष आए हैं। इससे एक सीट के लिए लगभग 37 अभ्यर्थियों की दावेदारी पेश हुई है।

42 प्रतिशत सीटों की बढ़ोतरी हुई पिछले सत्र के मुकाबले

10 जुलाई से प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की तैयारियां

ऑनलाइन पीजी कोर्स के लिए मांगे प्रस्ताव

एलयू में ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरू करने की प्रक्रिया जारी है। इसकी शुरुआत बीकॉम और बीबीए पाठ्यक्रमों के साथ होगी। बाद में परास्नातक पाठ्यक्रमों को भी शामिल किए जाने की योजना प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने कला एवं वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्षों, समन्वयकों और निदेशकों को पत्र भेज कर उनसे परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रस्ताव मांगे हैं।

i-NEXT PAGE 3

पीजी में भी शुरू होंगे ऑनलाइन कोर्स

लखनऊ विश्वविद्यालय ने विभागों से मांगा प्रस्ताव

LUCKNOW (5 July): एलयू स्नातक के साथ-साथ परास्नातक में भी आनलाइन पाठ्यक्रमों की शुरुआत करेगा। इसके लिए आनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने विश्वविद्यालय के कला एवं वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्षों, समन्वयकों और निदेशकों को पत्र प्रेषित कर उनसे परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रस्ताव मांगा है। एलयू के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि बीकॉम और बीबीए पाठ्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसकी तैयारी को लेकर विश्वविद्यालय के ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र की तैयारी चल रही है। जल्द ही आवेदन की तिथि घोषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में परास्नातक पाठ्यक्रमों को भी ऑनलाइन में शामिल किए जाने की योजना है।

एलयू ने बीएड कॉलेजों से मांगा ब्योरा

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड -2023-24 में सफल अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी. ऐसे में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने लखनऊ विश्वविद्यालय से सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं. दरअसल, बीएड की काउंसिलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को कॉलेजों का आवंटन होना है. इसके लिए एलयू ने बीएड कॉलेजों से नाम, पता, कॉलेज के हेड का नाम, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, खाता संख्या, आईएफएससी कोड, सीटों का विवरण, फीस, कॉलेज का प्रकार सहित कई सूचनाएं मांगी है.

केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ गए 67 कॉलेज

पांच अनुदानित डिग्री कॉलेजो ने किया आवेदन

LUCKNOW (5 July): एलयू ने बुधवार को केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत शामिल होने वाले डिग्री कालेजों की सूची वेबसाइट पर जारी कर दी. पिछले साल की तुलना में इस बार जुड़ने वाले कालेजों की संख्या में वृद्धि हुई है. सत्र 2022-23 में 58 कालेजों ने केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में आवेदन किया था. इस बार अब तक 67 कालेज 206 पाठ्यक्रमों में शामिल हुए हैं. हालांकि इसमें अनुदानित कालेज सिर्फ पांच हैं. शेष निजी कालेज हैं. सूची के अनुसार बीकाम (एनईपी) के लिए सबसे ज्यादा 32 तो बीएलएड के लिए 19 कालेजों ने आवेदन किया है.एलयू ने 28 मार्च को स्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी. उसके बाद 30 मार्च को पत्र जारी कर कालेजों को केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया के तहत शामिल होने के लिए 31 मई तक मौका दिया था. फिर तिथि बढ़ाकर उन्हें जुड़ने का पर्याप्त समय दिया गया. इस प्रक्रिया के तहत जुड़े कालेजों में एलयू की काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश के लिए छात्र आवंटन किया जाएगा.

कोर्स वार जुड़ने वाले कॉलेजों की संख्या

बीसीए 15, बीबीए 18, बीए (एनईपी) 12, बीकाम आनर्स 14, बीकाम (एनईपी) 32, बीएससी एग्रीकल्चर चार, बीएससी बायोलाजी आठ, बीएससी मैथ्स 11, बीजेएमसी पांच, बीवीए/बीएफए दो, एलएलबी पांच वर्षीय 11, बीएलएड 19, बीपीएड छह, एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्क्रम में 10, एमएड 16, एमपीएड तीन, एमए 12, एमकाम कामर्स पांच कालेज शामिल हैं.

इन अनुदानित कॉलेजों ने किया आवेदन

नवयुग कालेज ने बीए, बीकाम, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कालेज बीए, बीकाम, महिला महाविद्यालय बीसीए, बीएससी मैथ्स, करामत गर्ल्स पीजी कालेज बीकाम (एनईपी), बीएससी बायो, बीएससी मैथ्स के साथ एमए के चार विषयों एवं श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज (केकेसी) ने बीपीएड के लिए आवेदन किया है. अन्य अनुदानित कालेजों का कहना है कि लवि का केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया का शुल्क अधिक है. इसलिए अनुदानित कालेज कम जुड़े हैं.

JAGRAN CITY PAGE I, III

केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े 67 कालेज

सिर्फ पांच अनुदानित डिग्री कालेजों ने किया आवेदन, शेष निजी क्षेत्र के संस्थान शामिल

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत शामिल होने वाले डिग्री कालेजों की सूची वेबसाइट पर जारी कर दी। पिछले साल की तुलना में इस बार जुड़ने वाले कालेजों की संख्या में वृद्धि हुई है। सत्र 2022-23 में 58 कालेजों ने केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में आवेदन किया था। इस बार अब तक 67 कालेज 206 पाठ्यक्रमों में शामिल हुए हैं। हालांकि इसमें अनुदानित कालेज सिर्फ पांच हैं। शेष निजी कालेज हैं। सूची के अनुसार बीकाम (एनईपी) के लिए सबसे ज्यादा 32 तो बीएलएड के लिए 19 कालेजों ने आवेदन किया है।

लवि ने बीएड कालेजों से मांगा विवरण

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2023-24 में सफल अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ऐसे में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी बीएड कालेजों का पूरा विवरण देने के लिए कहा है। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने भी कालेजों को पत्र जारी कर तत्काल निर्धारित प्रारूप पर सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं। दरअसल, बीएड की काउंसिलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को कालेजों का आवंटन होना है। इसके लिए लवि ने बीएड कालेजों से नाम, पता, कालेज के हेड का नाम, मोबाइल नंबर, ई-मेल आइडी, खाता संख्या, आइएफएससी कोड, सीटों का विवरण, फीस, कालेज का प्रकार सहित कई सूचनाएं मांगी हैं। यह भी कहा है कि सूचनाएं न आने पर किसी भी स्थिति में प्रतिकूल परिस्थिति के लिए संबंधित कालेज स्वयं जिम्मेदार होंगे।

"पिछले साल की तुलना में इस बार अधिक कालेज लवि की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े हैं। 2022-23 में 58 कालेज लवि से जुड़े थे। इस बार अभी तक 67 कालेजों ने शामिल होक